प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 शुक्रवार दिनांक 04.04.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- वक्फ संशोधन विधेयक दोनों सदनों से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये सामाजिक–आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की चार परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम के समापन समारोह में शामिल होंगे।
- ओपन स्कूल परीक्षा की दसवीं के गृह विज्ञान विषय का पेपर लीक होने के बाद परीक्षा निरस्त की गई–अब यह परीक्षा बाईस अप्रैल को होगी।

<u>वक्फ संशोधन विधेयक–पारित–01</u>

वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने बारह घंटे की चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी। एक सौ अट्ठाईस सदस्यों ने संशोधन विधेयक के पक्ष में और पंचानवे ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ–सबका विकास के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है।

**भारत की जो सरकार है, किसी को धर्म के आधार पर तो आप अपना काम नहीं कर सकते। भारतीय नागरिक होने के नाते सबको एक दृष्टिकोण से हमको देखना होता है, सबको बराबर देखना होता है। जब मोदी जी ने कह दिया कि सबका साथ–सबका विकास, वही तो संविधान का स्पीरिट है।**

वक्फ संशोधन विधेयक–पारित–02

संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये सामाजिक–आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसदीय समिति के विचार–विमर्श में भाग लेने वाले सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह बिल जनजातीय अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे आदिवासी भूमि पर होने वाले अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने पर कहा कि इस संशोधन विधेयक के जरिए वक्फ की संपत्ति पारदर्शी होगी और कई खामियां दूर होंगी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा ने वक्फ संशोधन बिल का स्वागत करते हुए कहा कि यह संशोधन विधेयक अल्पसंख्यकों के हित में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पूरा देश और अल्पसंख्यक समुदाय इस संशोधन विधेयक के समर्थन में खड़ा है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिनकी कुल लागत अट्ठारह हजार छह सौ अंठावन करोड़ रुपये है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं से तीन राज्यों के पन्द्रह जिलों में भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग एक हजार दो सौ सैंतालीस किलोमीटर तक बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ के खरसिया–नया रायपुर–परमलकासा पांचवीं और छठी लाइन, संबलपुर–जरपाड़ा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा–सासन तीसरी और चौथी लाइन और गोंदिया–बल्हारशाह का दोहरीकरण शामिल हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे यात्रा सुविधा में सुधार होगा और लॉजिस्टिक लागत कम होगी। इससे तेल आयात में कमी आएगी और कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद

मिलेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे लगभग तीन करोड़ उनयासी लाख मानव–दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।

<u>केन्द्रीय गृहमंत्री–दौरा</u>

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल पांच अप्रैल को दंतेवाड़ा जिले में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री आज देर शाम रायपुर पहुंचेंगे। श्री शाह कल सुबह दंतेवाड़ा जाएंगे, जहां मां दंतेश्वरी के दर्शन करने के बाद बस्तर पंडुम के समापन समारोह में शामिल होंगे।

अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री बस्तर के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों के कमांडरों और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद केन्द्रीय गृहमंत्री रायपुर लौटकर विभागीय समीक्षा बैठक लेकर वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा करेंगे और भावी रणनीति के लिए मार्गदर्शन देंगे।

<u>विजय शर्मा–जवान प्रतिमा</u>

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दंतेवाड़ा जिले के तुमनार में बस्तर फाइटर्स के आरक्षक अमर शहीद स्वर्गीय सुबरनाथ यादव की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक के तहत उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सुबरनाथ यादव का बलिदान हमें नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में और दृढ़ता से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनकी वीरता और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, स्थानीय नागरिक, स्कूली बच्चे और बस्तर फाइटर्स के जवान मौजूद थे।

वहीं, कोंडागांव जिले के बनजुगानी गांव में शहीद आरक्षक रामदास कोर्राम की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

<u>माओवादी–आत्मसमर्पण</u>

सुकमा जिले में आज नक्सली कमांडर बारसे देवा के भाई बारसे सन्ना समेत चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ़ के

अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले चार में से दो माओवादियों पर आठ–आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था।

<u>राज्यपाल–सुकमा</u>

राज्यपाल रमेन डेका ने आज सुकमा जिले के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित परिवार के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही समीर विश्वास के घर पहुंचकर शासन से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी ली।

अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने सुकमा जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष के पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा–भरा बनाने सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

<u>मुख्यमंत्री–कुदरगढ़</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सूरजपुर जिले में चल रहे तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कुदरगढ़ मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय और धर्मशाला निर्माण के लिए पचास–पचास लाख रूपए के साथ ही गढ़वतिया माता मंदिर में सीढ़ी निर्माण के लिए पचास लाख रूपए देने की भी घोषणा की।

<u>ओपन परीक्षा–रद्द</u>

गरियाबंद जिले के लोहरसी परीक्षा केंद्र में राज्य ओपन स्कूल परीक्षा के दौरान बारहवीं की जगह दसवीं कक्षा का पेपर बांट दिया गया। परीक्षा के एक दिन पहले दसवीं कक्षा के गृह विज्ञान विषय का पेपर लीक होने के बाद राज्य ओपन स्कूल के सचिव ने आदेश जारी कर परीक्षा को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही परीक्षा की नई तारीख का भी ऐलान कर दिया गया है। दसवीं कक्षा के गृह विज्ञान विषय की परीक्षा अब बाईस अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

इस बीच, जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लापरवाही के चलते ड्यूटी में तैनात केंद्राध्यक्ष नारायण सिंह, सहायक केंद्राध्यक्ष तुलसी राम यादव और ऑब्जर्वर नितू साहू को हटा दिया गया है।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार **छत्तीसगढ़ सरकार की नई पुनर्वास नीति के विभिन्न पहलुओं पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा** से ली गई विशेष भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम कल पांच अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## रेल सेवा पुरस्कार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में उनहत्तरवां रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल मुख्य अतिथि और मंडल सेक्रो अध्यक्ष भगवती खोईवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मंडल के छप्पन कर्मियों को व्यक्तिगत रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ग्यारह रनिंग शील्ड प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कुछ समाचार संक्षेप में ...

- जाने–माने फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का आज मुंबई में निधन हो गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

- दुर्ग पुलिस ने एक महिला अधिवक्ता को डिजिटल अरेस्ट कर इकतालीस लाख रूपए की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नोट गिनने की मशीन और एक वाहन जब्त किया गया है।

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने बलरामपुर जिले के बरतीकला में पदस्थ एक पटवारी को दस हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। इस पटवारी ने एक व्यक्ति से सीमांकन के लिए रिश्वत की मांग की थी।

- सक्ती जिले के अड़भार चौकी क्षेत्र के बंदोरा गांव में ट्रैक्टर की टक्कर से एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मौत हो गई।

- भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। योग्य और इच्छुक आवेदक दस अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है।

- दक्षिण–पूर्व–मध्य रेलवे द्वारा मुंबई से हावड़ा के बीच चलने वाली गीतांजली एक्सप्रेस को तेरह से छब्बीस अप्रैल तक रद्द करने की घोषणा की गई है।

- झारखंड में आयोजित अड़सठवें ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से भाग लेते हुए जिला बीजापुर में तैनात बेल्जियम शेफर्ड नस्ल के विस्फोटक खोजी श्वान सोना ने रजत पदक जीता है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>